आईआईटी के सेमिनार में दी सॉफ्टवेयर की जानकारी

रुड़की | हमारे संवाददाता

आईआईटी रुड़की में इनफारमेशन एवं कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के तहत स्पोकेन ट्यूटोरियल आईआईटी मुम्बई के प्रोजेक्ट पर एक दिवसीय सेमिनार हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रिगेडियर एसपी अग्रवाल और आरपी गुप्ता ने किया।

इस दौरान आईआईटी मुम्बई के कैप्टन डीपी सिंह के प्रतिनिधि डॉ.सुधांशु जोशी ने स्पोकेन ट्यूटोरियल की सहायता प्राप्त किये जा रहे साफ्टेवर के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक देहरादून, श्यामपुर ऋषिकेश, केएल पॉलिटेक्निक रुड़की, हरिद्वार, राजकीय पॉलिटेक्निक नरेंद्रनगर, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक देहरादून, राजकीय ग्रामीण पॉलिटेक्निक थल नदी, राजकीय पॉलिटेक्निक आमवाला देहरादून के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान पोस्टकार्ड प्रतियोगिता, स्वच्छ भारत एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत इशिता, खुशी, अंजली, चांदनी, आस्था सैनी, आस्था शर्मा, देवेंद्र, अपरनव, आकाश, विशाल पुरी को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर अंजलि ठक्कर, प्रभाकर पंत, महामंडलेश्वर 1008 मैत्रेयी गिरि, कहकशां, विजया, डॉ.बीआर गुर्जर, डॉ. एनके समाधिया, डॉ.जेके मनोत, सुधीर शर्मा, अखिलेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

आईआईटी में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

रुड़की। आईआईटी रुड़की में इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स के तत्वावधान में एक दिवसीय इनफारमेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नोलोजी विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। भारत सरकार के स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित सेमिनार का उद्घाटन ब्रिगेडियर एसपी अग्रवाल एवं तकनीकी शिक्षा के अपर निदेशक आरपी गुप्ता ने किया। सेमिनार के अंतर्गत स्वच्छ भारत एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर बनाए गए पचास पोस्टकार्ड के प्रतियोगी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर कैप्टन डीपी सिंह, आईआईटी मुंबई से आए डा. सुधांशु जोशी, डा. बीआर गुर्जर, डा. एनके समाधिया एवं जेके मनोत आदि मौजूद रहे। **ब्यूरो**